भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 459
गुरूवार, 6 फरवरी, 2025/17 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पंजाब में अज्ज सरोवर और राम मंदिर

459 श्री सतनाम सिंह संधू:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मंत्रालय ने भगवान राम और उनके परिवार से जुड़े स्थानों/तीर्थ स्थलों पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आज की तारीख तक क्या कदम उठाए हैं;

(ख) क्या सरकार 'प्रसाद' योजना के तहत पंजाब में अज्ज सरोवर और राम मंदिर के पुनरुद्धार पर विचार कर रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार इस स्थल पर भगवान राम के पूर्वज महाराजा अज्ज के लिए स्मारक बनाने की किसी पहल पर विचार कर रही है और क्या इस क्षेत्र के समृद्ध इतिहास के संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है।

पर्यटन मंत्रालय ''तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान'' (प्रशाद), 'स्वदेश दर्शन (एसडी)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक अपना केन्द्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है।

उपरोक्त योजनाओं के तहत, मंत्रालय ने भगवान राम और उनके परिवार से जुड़े स्थानों और तीर्थस्थलों पर पर्यटन अवसंरचना विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की है।

इनमें शामिल हैं:

क) प्रशाद के तहत भद्राचलम में तीर्थ अवसंरचना का विकास।
ख) प्रशाद के तहत गया के विष्णुपद मंदिर में मूलभूत सुविधाएं।
ग) एसडी के रामायण परिपथ के तहत उत्तर प्रदेश में चित्रकूट और श्रृंग्वेरपुर का विकास।
घ) एसडी के रामायण परिपथ के तहत उत्तर प्रदेश में अयोध्या का विकास।
ङ) एसडी के तटीय परिपथ के तहत (चेन्नई-मामल्लापुरम-रामेश्वरम-मनपदु-कन्याकुमारी) का विकास।
च) एसडी 2.0 के तहत मध्य प्रदेश के चित्रकूट में आध्यात्मिक अनुभव।
छ) 2024-25 के लिए पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना के तहत नासिक, महाराष्ट्र में राम-कल पथ का विकास।
ज) केंद्रीय एजेंसियों की सहायता योजना के तहत गया रेलवे स्टेशन।

पर्यटन मंत्रालय अपने चल रहे प्रयासों के तहत प्रचार गतिविधियों, आयोजनों, वेबसाइट, सोशल मीडिया प्रचार आदि के माध्यम से देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों को बढ़ावा देता है।

(ख) से (घ): पर्यटन मंत्रालय की प्रशाद योजना के तहत पंजाब में अज्ज सरोवर और राम मंदिर का पुनरूद्धार तथा महाराजा अज्ज के लिए एक स्मारक बनाने के संबंध में इस मंत्रालय के पास कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****